जल संरक्षण की शपथ ली

सवाईमाधोपुर. शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय पीजी महाविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत बैठक हुई। एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब के समन्वयक एवं सचिव व्याख्याता प्रेम सोनवाल ने बताया कि साझेदार राज्य असम के कार्यक्रम हुए। इसमें स्वयं सेवकों ने असमिया भाषा में जल संरक्षण की शपथ ली। महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर असम राज्य के पर्यटन स्थल काजीरंगा नेशनल पार्क के बारे में जानकारी चस्पा की गई। इसके बाद स्वयं सेवकों को एक असमिया फिल्म दिखाई गई।

पत्रिका Tue, 11 February 2020
epaper.patrika.com/c/48883348